राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2245
गुप्त
सुपरकमांडो ध्रुव
ANWAR

कोई दुनिया से छुपना चाहता है और कोई अपने प्रशंसकों से। कोई अपने दुश्मनों से छुपना चाहता है और कोई अपनों से! कारण कई हैं लेकिन रास्ता एक ही है! चाहे हीरो हो या विलेन हर कोई बना कर रखता है ऐसा कोई रूप जो दूसरों से होता है...
संजय गुप्ता की पेशकश
गुप्त
लेकिन कुछ लोग ऐसा नहीं मानते
कथा : जॉली सिन्हा
चित्रांकन : अनुपम सिन्हा
इंकिंग : विनोद कुमार
रंग : सुनील पाण्डेय
सम्पादक : मनीष गुप्ता
© RAJA POCKET BOOKS
FOR MORE FUN VISIT: 1 www.rajcomics.com

राजनगर का समुद्र तट-कहीं आबाद तो कहीं बियाबान-
आबाद तट सैलानियों के लिए स्वर्ग है-
तो बियाबान तट, तस्करों के लिए स्वर्ग है-
इस बोट में तो कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है!
COAST GUARD
POLICE
कमाल है! फिर ये बोट इस सुनसान जेटी पर क्यों लंगर डाले हुए है!
क्योंकि हम सबकी बस्ती यहां से पास पड़ती है, साहब!
ठीक है! चलो लगता है कि हमको मिली सूचना गलत थी! स्मगलिंग का माल किसी और तट पर उतर रहा है!
पुलिस लाख बाधाएं खड़ी कर ले-
लेकिन अपराधी उसको पार करने के रास्ते तलाश ही लेते हैं।

और वहां से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर-
एक खान के मुहाने पर-
जल्दी करो! हमारे पास ज्यादा वक्त नहीं है!
अरे डर काहे का!
कौउन सोच सकता है कि समुन्दर का पानी घुसी आने के बाद बंद हुई गई इस चूना पत्थर की खान में कौउनों इंसान आ भी सकता है!
वइसे भी इसइलाके की सारी पुलिसिया तो हमरी बोट की तलासी लेने में व्यस्त है!
पुलिस की चिन्ता किसे है! हमें तो उस शैतान की फिक्र है जो अपराध की बू दूर से सूंघ लेता है!
सुपर कमांडो ध्रुव की बात कर रहे हो का?
अरे, पिछली बार भी तो माल हिंया से ही आया था! उस बार तो ऊ कुछ न कर पाया!
ये मत भूलो कि हमारे गोदाम पर छापा उसी ने मारा था! वह बात और है कि वहां पर उसे खाली बक्सों के अलावा कुछ नहीं मिला
इस बारी ऊ का बक्से भी नाहीं मिलेंगे! आप खामखाह वेट लूज न करें!
लीजिए, आ गई पानी से भरी सुरंग, जो समुन्दर से हिंया का सार्ट- कट है!
ओ, लीजिए! पानी में बुड़क-बुड़क भी सुरू हू गई है!
यानी...

हमरा माल लेकर आ गए हैं आपके आदमी!
हां, भई! हमरे हथियार प्लास्टिक में पैक करके लाए हो या उनमा पानी घुसाय दिए हो?
एकदम पैक हैं, सर! न हथियारों में पानी घुस सकता है और न ही आर. डी. एक्स में!
तो लाओ फिर! इस बार तो हमारे आदमी इन ऑटोमटिक बंदूकन से जौनपुर के एसेंबली इलेक्सन में तहलका मचाय देंगे!
माल सही है भाई! चलो! एक-एक करके बक्सन को हमरे ट्रक में लदवाओ!
उसकी जरूरत नहीं है! क्योंकि अब तुम्हारे अपराध करने के दिन लद चुके हैं!
ईssss! ई तो उसी सैतान की आवाज है! सुपर कमंडवा की!
उधर से आए रही है! बक्सन के पीछे से!
मार दो बम ०#☆० के!
ऐ! यहां पर बम मत चलाना! वरना पूरी खान हमारे सिर पर आ गिरेगी!
ओ तू कहां है? मरद का बिटवा है तो सामने आ!
मिर्जा जौनपुरी तोसे डर... डरत नाही है!

डरते नहीं हो इसीलिए तो ये हरकते करते हो! पर आज मैं तुम्हें इतना डरा दूंगा कि फिर तुम सुरंग में तो क्या, किसी कॉरीडोर में भी जाने से डरोगे!
ध्रुव! मर गए!
ए लो! ई तो बक्सवा में घुसा बैठा था! यानी इसको हमरे पलनवा का पहिले से ही पता रहा!
पर कइसे?
जब मैंने पिछली बार डॉन शार्की के गोदाम पर छापा मारा था, तब मुझे लकड़ी के खाली बक्से जरूर मिले थे! लेकिन उन बक्सों से समुद्री पानी की गंध आ रही थी और उनके तले में चूना पत्थर के चूरे की पर्त चिपकी थी! समुद्र और चूना पत्थर दोनों एक साथ राजनगर में सिर्फ एक ही जगह पर मौजूद थे!
यहां पर!
मैं तुम्हारी बोट का पीछा बहुत पहले से कर रहा था! मैं चाहता तो माल को पहले भी पकड़ सकता था! पर मेरा मकसद तुम सब तक पहुंचना था! इसलिए मैं एक बक्से को खोलकर उसमें चुपचाप घुस गया था!
ताकि तुम हिंया आकर हमरे हाथों से मर सको!
सुना है कि तुमको बड़े-बड़े इंटरनेसनल डॉन रोबो, सुप्रीमा, चुम्बा, बौनावामन भी न मार पाए! पर आज तुमको मारकर मिर्जा जौनपुरी ई साबित कर देगा कि दुनिया का सबसे बड़ा डॉन हम हूं!
तड़ तड़ तड़
तड़ाक
धड़ाक
बड़बड़ करने और शेखी मारने में तो ये श्वेता से भी चार कदम आगे है!

हैं!
हैं!
हैं!
हैं!
अरे! रुक तो...
गोली चलाने का मौका तो...
आऊऽऽऽ
इसको रोको! भून डालो! छलनी कर दो! बस इसे मुझ तक पहुंचने मत देना!
ठनन
ठनंनन

रुक जा, ध्रुव!

नहीं! तुम लोग रुक जाओ! अगर मैं उछल गया या गिर गया तो गोलियां चलाओगे भी तुम और खाओगे भी तुम!

सोच लो। ट्रिगर दबाओगे या...

...या शायद बीस साल!
रुक... रुक जाओ! मेरे पास मत आना!
पास तो आना पड़ेगा शार्की! वरना मैं तुम्हारी शक्ल कैसे देख पाऊंगा! ये तुम्हारा मास्क ही तो है जिसने तुमको अभी तक कानून से बचाया हुआ है!
तुम्हारे किसी आदमी ने तुम्हारी शक्ल नहीं देखी है! इसीलिए वे जानते ही नहीं हैं कि तुम आखिर कौन हो?
और इसी वजह से वे चाहकर भी तुम्हारे खिलाफ गवाही नहीं दे पाते हैं!
लिफ्ट का रास्ता रोककर क्या तू समझता है कि तूने मुझे पकड़ लिया! मेरा नाम शॉर्की ऐसे ही नहीं है!
मेरे पास यहां से जाने के लिए और भी रास्ते हैं!
आऊऽऽऽ
इसको वापस लाने के लिए शुक्रिया दोस्त!
भागने के सारे रास्ते बंद हैं, शार्की!

तो फिर एक नया रास्ता बनाना पड़ेगा!
क्योंकि शार्की को तो यहां से मेरे साथ जाना ही जाना है!
ओ! तो शार्की जमानत लेकर आया है!
कौन हो तुम?
नहीं! जैसे तुम मुझे पहली बार देख रहे हो, वैसे ही शार्की भी मुझे पहली बार देख रहा है!
सच पूछो तो राजनगर में ये हमारी पहली एंट्री है!
मां बाप ने तो कुछ और ही नाम रखा था! पर दुनिया हमें 'अलकेमिस्ट' के नाम से बुलाती है!
क्योंकि हम रसायनों के शहंशाह हैं!
ओह! यानी तुम इसके साथ मिलकर बम वगैरह भी बनाते हो!
ये अपने अपराधों की सजा भुगत ले, फिर ये आजाद होगा!
और हम शार्की को लेने आए हैं!
एक सौदा करते हैं! तुम शार्की को छोड़ दो, मैं तुम्हें जिन्दा छोड़ दूंगा!
बड़े अफसोस की बात है! तुमको अपनी जान की जरा भी फिक्र नहीं है!

इसीलिए मुझे बड़े अफसोस के साथ तुम्हारे मौत के परवाने पर दस्तखत करने पड़ रहे हैं!
आऽऽऽह! ये ये क्या है? मेरे शरीर में जलन क्यों हो रही है?
मेरे रसायन ने चूना पत्थर में से चूने को अलग करके उसको फोम में बदल दिया है! और चूना जब तुम्हारे गीले शरीर और कपड़ों के संपर्क में आ रहा है तो रिएक्शन के फलस्वरूप गर्मी पैदा हो रही है! ये तो बच्चा भी जानता है कि चूने को अगर पानी में डालो तो पानी उबलने लगता है!
लेकिन ये तुम्हारी मौत नहीं, तुम्हारी कैद है!
तुम्हारी मौत तो ये है! अम्लीय गोंद!
ये लकड़ी को गलाएगा! इस खान को थामने वाले खंभों को कमजोर करेगा!

पर सुरंग की दिशा ध्रुव को खान से दूर ले जाने वाली थी-

और उसका समय रहते अपने दुश्मनों तक पहुंच पाना असंभव था-
ढह गई पूरी खान!
अरे! ये तूने क्या किया?
माल को मंगाने का इतना अच्छा रास्ता बंद कर दिया।
ध्रुव की मौत के बदले ये कीमत तो मामूली है, शार्की!
वैसे भी, अगर मैं ये काम अभी न करता तो बाद में करता।
क्योंकि मैं जो काम करने जा रहा हूं, उसके लिए ध्रुव का मरना बहुत जरूरी था।
पर तुम करने क्या जा रहे हो? और मुझे तुमने ध्रुव से क्यों बचाया?
इस सवाल का जवाब सुनने के लिए तुम्हारे जैसे कई माफिया डॉन बेताब हैं! लेकिन आज की मीटिंग में उन सबके सवालों के जवाब मिल जाएंगे!
कई माफिया डॉन? यानी तुमने...
हां! मैंने तुम्हारे जैसे कई डॉन को सुपर हीरोज से बचाया है!
क्योंकि मैं जो काम करने वाला हूं, वह तुम सबकी मदद के बगैर पूरा नहीं हो सकता!
दिमाग का दही क्यों कर रहा है, यार? कितना सस्पेंस मार रहा है!
आखिर तेरा काम है क्या?
वह काम है...
...इंसानी इतिहास की सबसे बड़ी चोरी!
और इसके बाद तुममें से किसी भी डॉन को फिर काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी!
इंटरेस्टिंग! मीटिंग कब है?

ध्रुव की आंखों से नींद कोसों दूर थी-
कई सवाल उसके दिमाग को मथ रहे थे-
ये अलकेमिस्ट आखिर है कौन? और वह शार्की को बचाकर क्यों ले गया? कहीं पर जरूर कोई खिचड़ी पक रही है? अभी तो मुझे शार्की की ही पहचान ढूंढनी मुश्किल थी, अब ऊपर से एक और मास्क वाला विलेन आ गया?

पुलिस ने शार्की के आदमियों को खान से तो बचाकर निकाल लिया है। लेकिन उनको भी अलकेमिस्ट के बारे में कुछ पता... नहीं... हैsss
खर्र्र्र्र!
मौत की तरह नींद भी इंसानों को ऐसे धर दबोचती है कि पता ही नहीं चलता

लेकिन सुपर हीरो होने का एक बहुत बड़ा घाटा भी है-
जितनी जल्दी नींद आती है-
ईssss याsss
हैं!
उतनी जल्दी उड़ भी जाती है-

ये तो श्वेता के चीखने की आवाज है!

इस चीख ने सभी की नींदें उड़ा दी थीं-
क्या हुआ? कौन चिल्लाया था?
चीख श्वेता के कमरे से आई है!
ये श्वेता की ही चीख थी पापा!
वह जरूर किसी मुसीबत में...

...है! हैं?
ये तो नेट पर बैठी है! और एकदम सही-सलामत है!
तू चिल्लाई क्यों थी? क्या तुझे पता चल गया कि 'माउस' को हिन्दी में चूहा कहते हैं!
क्या हुआ श्वेता? तू ऐसे क्यों चिल्लाई थी?
कमाल हो गया, पापा! इट्स ऑसम! इट्स...इट्स...
अरे, हुआ क्या, ये भी तो बता!
मेरे केमिस्ट्री सर का फोन आया था कि नेट पर इंजीनियरिंग के एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट पोस्ट हो गया है!
बस, मैं अपना रिजल्ट देख रही थी!
समझा! समझा! पर फेल होने पर कोई इतनी जोर से थोड़े ही चिल्लाता है!
फेल हों मेरे दुश्मन!
मैंने टॉप किया है पापा! श्वेता इज नंबर वन!
ओ गॉड! यानी...यानी...
यस, पापा! अब मुझे दुनिया की सबसे प्रेस्टीजियस यूनिवर्सिटी कैम्पस हावर्ड में इलेक्ट्रॉनिक्स मिलना पक्का है। और वह भी विद फुल स्कॉलरशिप।
यानी... यानी तू...ओह नो!

... यानी कि क्या? अरे अब तो मान लो बिग ब्रदर कि श्वेता इज़ दी बेस्ट! नंबर वन!
अरे! तुम्हारी आंखों में आंसू? ये क्या भइया?
दाईं आंख में खुशी के आंसू हैं पगली! और बाईं आंख में इस गम के कि अब मुझे परेशान कौन करेगा?
तू तो... चली जाएगी न!
तो क्या हुआ? मैं तुमको दूर से ही चिट्ठियां लिखकर मेल भेजकर, फोन करके परेशान करती रहूंगी!
हमेशा!
दिस इज़ माई फेवरेट हॉबी!
अब चुप हो जाओ, वर्ना मैं भी रो दूंगी!
रो ले! पर अब कभी चिल्लाना मत!
पता है? तेरी चीख सुनकर मेरा कलेजा मुंह में आ गया था!
जानती हूं! अपनों का दर्द अपने ही समझते हैं! अपनों पर टूटे दुःखों को इंसान कभी बर्दाश्त नहीं कर पाता!
अब मैं कभी नहीं चीखूंगी! प्रॉमिस!
चलो भई! अब सो भी लो!
कुछ प्यार कल के लिए भी बचाकर रखो!

अगला दिन 'प्यार' नहीं, 'डर' फैलाने वाला था-

ओह! तुम्हारा प्लान तो बच्चों की कहानी जैसा लग रहा है! इसका सचमुच हो पाना असंभव है!

असंभव! जबकि शार्की ने तुमको अभी-अभी बताया है कि मैंने कैसे ध्रुव को आसानी से खत्म कर दिया है!

ऐसी कोई खबर अब तक मीडिया में नहीं आई है!

देखो, मैंने कब से टी.वी. चलाकर रखा हुआ है!

पुलिस इस बात को दबा रही है! वह डर रही है कि यह खबर फैलते ही क्राइम ग्राफ बढ़ जाएगा!

कहानी 19 पेज से जारी

बताओ! कौन सा करिश्मा देखना चाहते हो मेरा?
मुझे खबर मिली है कि मेरे आदमियों ने मुंह खोल दिया है, और मेरे ड्रग्स के गोदाम पर पुलिस ने छापा मारकर सारा माल जब्त कर लिया है।
अब वे उस माल को नष्ट करने के लिए चार बजे एक वैन में लेकर डंपिंग ग्राउंड में ले जाने वाले हैं! उस माल को अगर तुमने पुलिस और ध्रुव से छुड़वा लिया तो हम तुमको मान जाएंगे!
ध्रुव! वहां पर पुलिस के साथ ध्रुव भी होगा!

होगा नहीं, पर आएगा जरूर!
आएगा तो जाएगा नहीं!

५:०० बजे शाम-
जल्दी चलो भइया! एडमीशन फॉर्म सिर्फ पांच बजे तक ही मिलेंगे!
और वह भी सिर्फ आज के ही दिन!
तू भी सारा काम ऐन टाइम पर करती है!
शुद्ध हिन्दुस्तानी है तू!
बो तो हूं!
स्पीड बढ़ाओ!

ले! आगे जाम लगा हुआ है!
हो गया सत्यानाश! दूसरा रूट पकड़ते हैं!

दूसरा रूट पांच किलोमीटर का चक्कर कटा देगा!
मैं पता करता हूं कि ये जाम आखिर लगा क्यों है?
हवलदार जी!
अरे, ध्रुव साहब!

ये जाम तो आपका ही लगाया हुआ है साहब!
व्हाट? मैंने लगाया है? वो कैसे?
आपने कल हथियारों के साथ कुछ गुंडों को माइन में पकड़ा था न!
उन्होंने सब बक दिया! हर अड्डे का पता बता दिया!
अब स्पेशल पुलिस पार्टी उनकी बताई जगहों पर छापा मारकर मिली हुई दो सौ किलो ड्रग्स को नष्ट करने के लिए शहर से बाहर ले जा रही है!
उनको कहीं रुकना न पड़े इसीलिए इस ट्रैफिक को रोका गया है!
बस पांच मिनट की बात है! अब किसी भी वक्त वे आते ही होंगे!
फिर हम ट्रैफिक को खोल देंगे!
रुक लेते हैं। श्वेता! पांच मिनट में जाम खुल जाएगा फिर मैं मोबाइक को स्टार्ट ही अस्सी की स्पीड पर करूंगा!
डोंट वरी!
वरी तुम करो! फॉर्म नहीं मिला तो समझ लेना!
अरे, सिर्फ पांच मिनट की ही तो बात है...
...सिर्फ पांच मिनट में...

या-
बड़ाम
धड़ाम
प्रोटेक्शन फोर्स की दो जीपें उड़ गई हैं!
यानी... गटर में बम फिट थे!
बम फिट करने की क्या जरूरत है?
गटर के पानी में केमिकल्स तो पहले से ही भारी मात्रा में मौजूद रहते हैं!
बस उनको जोड़कर बम बनाने के लिए उनमें खास रसायनों को मिलाना पड़ता है!
वे रसायन जिनके बारे में सिर्फ अल्केमिस्ट जानता है!
ये... ये जरूर सौ करोड़ की ड्रग्स चुराने आया है!
शूट हिम! शूट टू किल!

गोलियां दगीं! लेकिन-
अरे! हमारी गोलियां किस चीज में जा धंसी है?
जेलजेली में! अब मैं गाड़ी लेकर जा रहा हूं!
तू इनको रोके जेलजेली।
ये क्या चीज है?
मेरे रसायन ज्ञान का एक और चमत्कार! मेरे रसायनों ने इसके शरीर के प्रोटीन को जेली में बदल दिया है! इसके अंदर वही चीज है जो तुम्हारे अंदर है!
बस, वह तुम्हारे अंदर मांस के रूप में है! और इनके अंदर जेली के रूप में!
ट्रैफिक जाम लगभग एक किलोमीटर लंबा था-
और ध्रुव इस जाम के दूसरे छोर पर था-
ओफ्! गड़बड़ है! उधर धमाके हुए हैं! अब मैं क्या करूं? इस मुसीबत को रोकना भी जरूरी है और तेरे फॉर्म को लाना भी!
अगर तुमने ये कहा कि तुम इस मुसीबत से मुंह मोड़कर मेरा फॉर्म लाने चलोगे तो मैं तुम्हारा सिर तोड़ दूंगी, भइया!
मैं नहीं चाहती कि कोई मेरे भइया पर मुसीबत से बचकर भागने का आरोप लगाए!
श्वेता, तू फॉर्म लाने खुद चली जा! मैं... मैं थोड़ी देर में आता हूं!
भइया, मैं तुम्हारा सिर तोड़ दूंगी!
शाबाश भइया!

और उधर मुसीबत का रूप बढ़ रहा था-

तेरी गोलियों का मुझ पर कोई असर नहीं होगा!

अक् ! मेरा... दम घुट... रहा है!

ध्रुव के वार ने पुलिसकर्मियों की जान तो बचा ली-

लेकिन इस मुसीबत से निपटना आसान नहीं था-
ओह! इसमें अद्भुत शक्ति है...
DELHI
और अद्भुत लचक भी! जेलजेली से निपटना आसान नहीं होगा!
...क्योंकि अगर इसको ऐसे ही छोड़ दिया गया तो ये विनाश की एक नई मिसाल खड़ी कर देगा!
लेकिन निपटना तो पड़ेगा ही...
पर मैं इसे रोकूं तो रोकूं कैसे? स्टार लाइन इसको बांध नहीं सकती! इसमें धंस-कर आरपार हो जा रही है!
स्टार ब्लेड इसके गुदगुदे शरीर में धंस-कर रह जा रहे हैं!
लेकिन जेली को जलाया जरूर जा सकता है!
अब ये शैतान...

...अपनी ही लगाई आग में जलेगा!
धमाक
जेलजेली का गुल गुला शरीर धू-धू करके जल उठा-

शैतान का अंत सामने नजर आ रहा था-

लेकिन तभी-
आहा! ये आग से छटपटा रहा है! और अपने अंत से बचने के लिए अपने शरीर को सिकोड़ रहा है!

नहीं! इसका प्लान कुछ और है! ये गोला बनाकर लुढ़कता हुआ आग के घेरे से बाहर आ रहा है!

और इसके लुढ़कने के कारण लपटें बुझ रही हैं! जेलजेली फिर से आजाद हो रहा है!
आह!

जेली की एक ही कमजोरी होती है...
...उसे ठंडा कर दो तो वह भंगुर बन जाती है! चूर-चूर की जा सकती है!
क्योंकि जेली और कुछ नहीं क्रिस्टल होते हैं जो सामान्य तापमान पर तरल अवस्था में रहते हैं!
चंडिका! मैं जानता था कि तुम जरूर आओगी!
लेकिन इस बार राजनगर में चंडिका का यह शायद आखिरी कारनामा होगा!
ओह!
मैं? मैं क्या सोच रही थी? हां... ये कि इस गरम दिमाग को ठंडा करने लायक बर्फ कहां से आएगी!
बच के चंडिका! तुम क्या सोचने लगी थीं?
आएगी! सुनो कि हमको क्या करना है!

मुझ पर शरीर से वार करोगे तो खुद चोट खाओगे!
और अगर इन चीजों से मुझे मारना चाहोगे तो नाकामयाब रहोगे! क्योंकि ये मेरे शरीर में धंस तो सकती हैं, पर नुकसान नहीं पहुंचा सकतीं!
पहुंचा सकती हैं, जेलजेली!
तेरे हाथ रबर बैंड की तरह खिंच गए हैं!
अब जब हम इन तारों को छोड़ेंगे...
...तो तू अपने ही हाथों से पिटेगा!
और लोहे के टुकड़ों ने तेरे शरीर को इतना भारी बना दिया है...

...कि तू अपनी पिटाई का बदला लेने के लिए हमको पकड़ने की कोशिश करेगा तो पकड़ भी नहीं पाएगा!
गर्र्रर्र! जेलजेली को ट्रक से भी बांध दो तो भी वह तुझे पकड़ लेगा!
चंडिका! अलग हो जाओ!
तुम उधर से जाओ! और तैयारी करो!
मैं इसको एक-दो मिनट तक और रोकता हूं!
आपके सूट का कवर मुझे चाहिए!
मैंने तेरी एक और कमजोरी को ढूंढ लिया है! तू भी एक इंसान ही है, और इंसान बगैर हवा के जी नहीं सकता!
और अब जेली को...
...डिब्बे में बंद करने का वक्त...

...आ गया है!
तेरा दुनिया से जाने का वक्त आ गया है बच्चे!
आह! मेरा काम पूरा हो चुका है! अब तक चंडिका ने अपना काम पूरा कर लिया होगा!
अब तू मारा गया लड़के! यहां से बाहर भागने का कोई रास्ता नहीं है!

तुमको ठीक समय पर याद आ गया कि जाम को पार करते वक्त तुमने जाम में फंसी इस रेफ्रीजिरेटेड वैन को देखा था !

तुमने भी सही समय पर जाम में फंसे ट्रकों के तिरपालों से वैन को ढककर जेलजेली को चकमा दे दिया। अगर ये रेफ्रीजिरेटेड वैन को देख लेता तो अंदर कभी न घुसता !

लो ! जेली ठंडी होकर अकड़ गई !

खानी है क्या ?

PEAS

अब जरा देखा जाए कि जेली ठंडी हुई या नहीं !

ध्रुव ! अभी-अभी खबर आई है कि पुलिस पिकेट ने अलकेमिस्ट को रोक लिया है !

ये तो अच्छी बात है! काम पूरी तरह खत्म हो गया!
अभी नहीं हुआ! वह वापस पलटकर इधर ही आ रहा है!
इधर आएगा तो फंसेगा! क्योंकि जाम अभी भी खुला नहीं है!
अब वह बचकर तभी भाग सकता है...
...जब उसकी गाड़ी में फ्लाइंग गियर हों!
अलकेमिस्ट!
चंडिका! इसने जरूर किसी केमिकल की मदद से रबर टायरों को इतना फुला दिया है कि वे वैन को हाई जंप करा सकते हैं!
हमको इसके पीछे जाना होगा!

मैं तुम्हारी तरह न तो रस्सी पर झूल सकती हूं, और न ही मेरे पास झूलने के लिए रस्सी है!
ओ. के.! तुम जाकर हैलीकॉप्टर का इंतजाम करो! हम इसको हैलीकॉप्टर से रोकेंगे।
एक अनोखा पीछा शुरू हो गया था-
मैं हैलीकॉप्टर आने का इंतजार नहीं कर सकता...
तड़ाक
...क्योंकि अगर अलकेमिस्ट इसी रफ्तार से भागता रहा तो कुछ ही मिनटों में वह गगन-चुंबी इमारतों के इलाके से बाहर जा चुका होगा!और मैं इस तरह से इसका पीछा नहीं कर पाऊंगा!
वैसे भी, अगर ये समुद्र तक पहुंच गया तो न जाने भागने का और कौन सा रास्ता तलाश लेगा!
मुझे इसको खुद ही रोकना होगा!
उड़ती वैन का रुख बदलना होगा!

ओफ्! इस वक्त क्या मैसेज आ रहा है? शुक्र है कि मैंने स्टार ट्रांसमीटर में 'ब्लू-टूथ' फिट करा लिया है! अब मैं बिना हाथों को फ्री किए बात कर सकता हूं!

करीम, अभी मैं बिजी हूं...

पी पी पी पी पी

...मुझे थोड़ी देर बाद कॉल करो!

बट, कैप्टेन! मैसेज अर्जेंट है!

कितना भी अर्जेंट हो! अभी मैं बात नहीं कर सकता! कॉल डिस्कनेक्ट करो!

मैसेज चंडिका का है!

चंडिका का! क्या मैसेज है?

अजीब सा मैसेज है! छोटा सा! उड़ती वैन को मैसी रोड की तरफ लाओ! एक मिनट में!

इसका मतलब क्या...?

ओवर एंड आउट करीम!

चंडिका ने मुझे वैन को मैसी रोड पर ले जाने को क्यों कहा है?

वहां पर उसने ऐसा क्या इंतजाम किया है जो उड़ती वैन को रोक सके?

और वह भी एक मिनट में!

खैर! वैन को कहीं तो ले ही जाना है! फिर मैसी रोड ही क्या बुरी है!

मैसी रोड पर-
वाऊ! मैं जानती थी कि भइया उड़ती वैन को मैसी रोड तक लाने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेगा!
अब मेरा काम शुरू होता है!
एक सेकंड में ध्रुव को चंडिका का प्लान समझ में आ गया-
वह रेत से भरा डंपर! उसको चंडिका चला रही है! अब मैं समझ गया कि मुझे क्या करना है!
इस बार जब वैन उछलेगी...
...तो मुझे उसको इस हिसाब से किक मारनी है कि वैन सीधी डंपर में भरी रेत पर गिरे!
धटप्प
काम आसान नहीं था। वैन को ठीक स्थान पर गिराने के लिए उस किक में सही दिशा और सही शक्ति का अनुपात होना बहुत जरूरी था-
और ध्रुव ने मौके को चूकना कभी सीखा ही नहीं था-
अब वैन उछल नहीं सकती थी-

अरे! ये तो...

कौन है ये? तुम इसे पहचानते हो?

हां! ये तो एक मामूली चेनचोर है! ये अलकेमिस्ट नहीं हो सकता!

सही रिएक्शन!

अलकेमिस्ट यहां है! मैं वैन का माल तो नहीं ले जा पाया, पर मैं अभी हारा नहीं हूं! बस थोड़ा सा टाइम आउट ले रहा हूं!

मैं वापस आऊंगा! और रिएक्शन पूरा करके जाऊंगा!

हम इसका पीछा नहीं कर सकते! काश, तुम हैलीकॉप्टर ले आती!

मुझे क्या पता था कि अलकेमिस्ट ऐसी चाल चल जाएगा!

अब ये कैसे पता चल सकता है कि अलकेमिस्ट वास्तव में आखिर है कौन?

तू एक गीदड़ है, अलकेमिस्ट! हमारी तरह! वैसे शर्मा मत! ध्रुव के सामने शेर भी आ जाए तो गीदड़ बनकर ही वापस जाता है!

डील होगी! और शर्त पूरी करने के बाद ही होगी!

पर तू शर्त हार गया है! अब हमारे बीच में कोई डील नहीं होगी!

अब ध्रुव मुझसे नहीं बच सकता! क्योंकि मैंने उसकी सबसे बड़ी कमजोरी को ढूंढ निकाला है!

वह कमजोरी जो मेरी ताकत है! और आज मैं बचकर यहां पर तुम्हारे सामने आ पाया हूं तो सिर्फ उसी ताकत के कारण!

ध्रुव में ऐसी कौन सी कमजोरी है जिसका पता हम अभी तक नहीं लगा पाए!

क्या उलजुलूल बके जा रहा है तू?

सिर्फ जानते हो! पर अलकेमिस्ट विश्लेषण करता है!
कैसा विश्लेषण?
कभी सोचा है तुम लोगों ने कि ये हीरोज या हम जैसे विलेन, गुप्त रूप क्यों रखते हैं?
हीरोज का तो पता नहीं, पर हम तो पुलिस से बचने के लिए गुप्त रूप रखते हैं! ताकि पुलिस जान ही न पाए कि हम असल में आखिर कौन हैं!

सही रिएक्शन!
और हीरोज गुप्त रूप इसलिए रखते हैं ताकि हम उन पर छुपकर या बदला लेने के लिए उनके सगे संबंधियों पर वार न कर सकें!
पर ध्रुव खुली किताब है!

हम जानते हैं कि उसके सगे- संबंधी कौन हैं! उसको किनसे प्यार है! और किनके बदन पर पड़े घावों को वह बर्दाश्त नहीं कर सकता है!
अगर हम ध्रुव को मार नहीं सकते तो उससे सौदा करेंगे!
कैसा सौदा?
उसके रिटायरमेंट के बदले उसके अपनों की जान का सौदा!
और इस अभियान में हमारा सबसे पहला निशाना होगा...

... ध्रुव का पिता पुलिस कमिश्नर राजन मेहरा-
आज छुट्टी मार लीजिए पापा!
अब मुझे हावर्ड जाने में दिन ही कितने बचे हैं!
एक दिन तो मेरे साथ भी बिता लीजिए!
ड्यूटी इज ड्यूटी बेटा! अभी हमारे ऊपर गायब हुए चार माफिया डॉनों को ढूंढ़ने के लिए बहुत प्रेशर पड़ रहा है!
खबर है कि वे अपने आदमियों के साथ राज-नगर में ही हैं! बटआई प्रॉमिस, शाम को जल्दी आ जाऊंगा!

राजन मेहरा अपना हर वादा निभाते थे-
आज भी वे अपने वादे के अनुसार जल्दी आ जाने वाले थे-

लेकिन किस हालत में ये कहना मुश्किल था-
अब भी सोच लो अलकेमिस्ट! पुलिस कमिश्नर पर हमला करना मजाक नहीं है!
मैं मजाक नहीं करता!
अरे, ये मजाक नहीं तो और क्या है? कमिश्नर के साथ भारी सिक्योरिटी रहती है! उनके पास अत्याधुनिक हथियार रहते हैं!
और उनके पास शूट एट साइट के ऑर्डर रहते हैं!
पुलिस कितने भी पहरे खड़े करले...

"...पर रिएक्शन तो होकर ही रहेगा-"
कैप्टेन! तुम्हारे लिए एक अर्जेंट कॉल है! कॉल करने वाला अपना नाम नहीं बता रहा है! वह सिर्फ तुमसे बात करना चाहता है।
ठीक है! लाइन ट्रांसफर करो!
ध्रुव हियर! आप कौन?
ध्रुव!
अलकेमिस्ट!

तुम तो बच गए! पर शायद तुम्हारा बाप इतना किस्मत वाला न हो!
तुम्हारा मतलब... खबरदार जो तुमने कमिश्नर साहब पर हमला करने की सोची भी तो!
सोच तो मैंने लिया ही है! अब तुम्हारी गलती की सजा तुम्हारा परिवार ही भुगतेगा!
ए! ऐसा किया तो मैं तुमको ...

जो करना है वह मेरे साथ करो।
ये मैं तुम्हारे साथ ही तो कर रहा हूं ध्रुव! दो ही रास्ते हैं तुम्हारे पास!
तड़पो! या हीरोगिरी छोड़ दो!
राजनगर छोड़ दो और सन्यास ले लो!
क्लिक
अब ये चोरी वाला मोबाइल तोड़ दो!
रिएक्शन हो रहा है!
तड़प गया बेचारा!
तुम सचमुच पागल हो गए हो! एक तो कमिश्नर पर हमले की सोच रहे हो और दूसरे उसकी पूर्व सूचना दे रहे हो!
और वह भी ध्रुव को!
पागल ध्रुव हो रहा होगा! मैं नहीं!
पापा! पापा!
क्या हुआ ध्रुव? चिल्ला क्यों रहे हो?
पापा कहां हैं?
तुम्हारे पापा तो...
पापा तो क्या?
अरे बोलने तो दे!
पापा अभी घर पर ही हैं!
थैंक गॉड!
किस बात का?
ड्राइवर पेट्रोल भरा कर आ गया क्या? अरे, ध्रुव!
मैं समझा कि ड्राइवर आ गया!
पापा! आज आप ऑफिस मत जाइए!
अरे क्या हो गया है तुम भाई-बहन को?
दोनों एक ही रट लगाए हो! अरे आज इमर्जेंसी मीटिंग है!

सभी पुलिस अधिकारी आ रहे हैं! मीटिंग कैंसिल नहीं हो सकती! वह तो मैं उस गधे ड्राइवर की वजह से लेट हो गया!
ठीक है! अगर आपको ऑफिस जाना है तो आज मैं भी आपके साथ जाऊंगा, साथ रहूंगा और साथ ही आऊंगा!
पर मीटिंग में तुमको आने की इजाजत नहीं होगी!
मैं बाहर खड़ा रहूंगा।

अरे, पर बात क्या?
मैं आपकी सिक्योरिटी का रिव्यू करने जा रहा हूं!
अरे! पर बात क्या?

सुनो! दो सिक्योरिटी वैन्स और चाहिए! रास्ता साफ रखने के लिए आगे-आगे मोटरसाइकल पुलिस के चार जवान भी बुलाओ!
ध्रुव कार भी आ गई है!
कार को पूरा चेक करो! एक-एक नट बोल्ट को जांचो!

कार सुरक्षित है ध्रुव! कहीं पर कुछ भी नहीं है!
अरे, पर हुआ क्या?
आइन्दा गाड़ी में पेट्रोल पहले से भरा कर रखना! अब चलो!
मैं ऑलरेडी काफी लेट हो चुका हूं!

भारी सिक्योरिटी के बीच कमिश्नर राजन का वह कारवां रवाना हुआ था-

और इस कारवां की तरफ आंख भी उठने का मतलब एक निश्चित मौत थी–
मैंने जानबूझकर पुलिस हेडक्वार्टर जाने वाला वह रास्ता चुना है जिस पर ऊंची इमारतें नहीं हैं! आगे दो किलोमीटर से भी रास्ता साफ की रिपोर्ट आ रही है!
अब पापा पर अलकेमिस्ट हमला नहीं कर सकता!
पर... पर कहीं ये कोई खोखली धमकी तो नहीं थी? कहीं मैं ओवर रिएक्ट तो नहीं कर रहा हूं?
ध्रुव!
अल केमिस्ट!
तो तुमने खोखली धमकी दी थी!
अभी भी हिम्मत बची हो तो सामने आकर अपनी धमकी को पूरा करो!
बड़े शौक से! पर मैं सामने न आने के लिए माफी चाहूंगा!
पापा!

पापा! ये क्या हो गया? कहां से हमला किया गया है?
कहीं से हमला नहीं हुआ ध्रुव! धमाका गाड़ी के अंदर हुआ है!

गाड़ी के अंदर! पर कैसे? गाड़ी पूरी चेक की गई थी! उसमें तो कुछ भी नहीं था!
कमिश्नर साहब अभी जिन्दा हैं!
जल्दी से एम्बुलेंस बुलाओ!

ध्रुव! तो कब छोड़ रहे हो सुपर हीरोगिरी? और राजनगर भी!
अलकेमिस्ट! तुझे मारने के लिए अगर मुझे अपनी कसम तोड़नी भी पड़ी तो तोड़ दूंगा!
यानी अभी भी तू टूटा नहीं! ठीक है! अलकेमिस्ट के अगले शिकार का नाम सुन ले...
...श्वेता!

अलके...
क्लिक

पुलिस अस्पताल में-
अब वो कैसे हैं, डॉक्टर?
ICU
स्टेबल हैं! धमाका पेट्रोल टैंक में हुआ था! यह धमाका बम का नहीं था!
इसीलिए वे तो बच जाएंगे, लेकिन उनको कम से कम दो हफ्ते यहीं रहना पड़ेगा!
आप में से कोई एक उनको देखने जा सकता है!

पापा! आपकी ये हालत मेरे कारण है! आप पर हमला मेरे दुश्मन ने किया है! बताकर किया है!

और मैं सब जानते हुए भी कुछ नहीं कर पाया! कुछ नहीं!

पर मैं कसम खाता हूं कि मैं श्वेता को कुछ नहीं होने दूंगा! कुछ भी नहीं!

युद्ध के मैदान पर रेखा खींची जा चुकी थी—

और इस बार इस रेखा पर खड़ी थी-

श्वेता-

तूने बहुत बड़ा पंगा ले लिया है, अलकेमिस्ट!

एक तो वह पुलिस कमिश्नर है और दूसरे ध्रुव का बाप है! तू तो दोनों तरफ से मारा गया!

पर तूने कमिश्नर पर हमला किया कैसे? और वह भी अपने कमरे में बैठकर!

एनालाइज किया! विश्लेषण किया! कमिश्नर के बंगले पर नजर रखी!

पता चला कि उसका ड्राइवर हर दूसरे दिन एक ही पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जाता है!

और अब मेरे निशाने पर है ध्रुव की प्यारी बहन श्वेता! और उसके बाद ध्रुव अपने आप हमारे रास्ते से हट जाएगा!
ऐ मिस्टर ध्रुव! वो जमाने हवा हुए, जब लड़कियों को बाहर जाने के लिए अपने भाइयों से इजाज़त लेनी पड़ती थी!
मैं जाऊंगी, जाऊंगी और जाऊंगी!
मैं ऑर्डर नहीं दे रहा झांसी की रानी, मैं तुमसे मिन्नत कर रहा हूं कि तू अकेले बाहर मत जा!
ऐ भाई! मैं कहीं घूमने या शापिंग को नहीं जा रही हूं! हॉस्पिटल जा रही हूं, पापा के पास!
हॉस्पिटल मैं चला जाऊंगा! तू घर पर रह! अपनी पैकिंग-वैकिंग कर!
पैकिंग किस बात की ? जब तक पापा घर नहीं आ जाते मैं कहीं नहीं जाने वाली!
एग्जेक्टली! यही तो मैं कह रहा हूं! घर पर रह, कहीं मत जा!
ऐ! ये और बात है वो और बात! बात को घुमाओ मत!
अब किस बात का झगड़ा हो रहा है तुम दोनों में ?
देखो न मम्मी! भइया कह रहा है कि मैं हॉस्पिटल न जाऊं! वह जाएगा!
न तुम जाओगी, न तुम्हारा भइया!
मैं जाऊंगी!

क्या ?
हां, मैं यही करने तो आई थी !
इट्स वेरी अनफेयर मॉम !
हे भगवान ! कहीं अलकेमिस्ट ने मम्मी पर हमला... नहीं नहीं !
म... मम्मी आ...आप बाद में जाइए न ! जब पुलिस जीप आ जाएगी तो सिक्योरिटी वालों के साथ चली जाना !
तब तक मैं श्वेता को वहां पर छोड़ आता हूं !
झगड़ा खत्म !
तुझे हो क्या गया है, ध्रुव ?
कभी पापा से कहता है कि मत जाओ या मैं साथ जाऊंगा ! यही बात तू श्वेता के लिए कह रहा है ! और जब मैंने कहा कि मैं जा रही हूं तो तूने मुझे भी जाने से रोक दिया !
क्योंकि मैं अपने शरीर पर हजार घाव भी बर्दाश्त कर सकता हूं पर आप सबका एक रोयां भी उखड़ते नहीं देख सकता !
वैसे भी पापा की हालत मुझे पहले ही हजार आंसू रुला रही है !
कु...कुछ नहीं मम्मी ! मैं तो ऐसे ही ध्यान रख रहा था !
चल, श्वेता !
एक मिनट भइया ! मैं एक कोक लेकर आती हूं !
ब्रेक मारो न !
COKE
जल्दी आ !

वन कोक प्लीज!
एक मिनट मिस!
यस!

मिस, हमारी कंपनी ने ये नया फ्रूट कोला लांच किया है! और आज हम इसे प्रचार के लिए फ्री बांट रहे हैं!
इसमें फ्रूट जूस है! पर कोला टेस्ट है! इट्स वेरी हेल्दी ड्रिंक्स! मिस ट्राई कीजिए!
श्योर! व्हाई नॉट!

ए! पहले ये ड्रिंक तुम खुद पियोगे!
कहीं यही अलकेमिस्ट की चाल तो नहीं है!
बट, बट सर! हमको अपने ही ड्रिंक पीने एलाऊ नहीं हैं!

पियो!
बट, सर!

पियो!

अ! ये आपने क्या किया सर? मैं तो मर गया!
क्यों? इसमें जहर था क्या?
नहीं सर! अब इसके पैसे मुझे जेब से भरने पड़ेंगे!

तुमको ये क्या हो गया है भइया? तुमने उससे इतना रूडली बिहेव क्यों किया?
वो... मैं... मुझे लगा...
ध्रुव बौखला रहा है! लोहा गर्म हो चुका है!
हथौड़ा मारने का वक्त आ गया है!
जा, अमला! तोड़ फोड़ शुरू कर और ध्रुव को अपनी तरफ खींच!
Fruit Gola
पर...पर मैं ध्रुव से जीत नहीं पाऊंगा!
मुझे तुझसे इसकी उम्मीद भी नहीं है!
तुझे तो बस, ध्रुव को श्वेता से दूर ले जाना है!
जा!

और लगभग तुरन्त ही-
चल, श्वेता! तेरा ज्यादा देर तक खुले में रहना ठीक नहीं है!
खुले में रहना ठीक नहीं है? तुम आज ये बहकी-बहकी बातें क्यों कर रहे हो?
वो... कुछ नहीं! बस जल्दी आ!
तुम तो... अरे! ये हवा में तैरता बड़ा सा बुलबुला कैसा है?
और ये हमारी तरफ ही आ रहा है!
श्वेता, हट!
ओ गॉड! मोटरसाइकल बुलबुले के अंदर आते ही जैसे हवा में घुल गई!
सिर्फ प्लास्टिक के कुछ हिस्से ही बचे हैं!
और बुलबुला भी गायब हो रहा है!
क्या था इस बुलबुले में?
एसिड गैस!
जो अमला ने छोड़ी थी!
अमला! जो एसिड-गैस के गोले छोड़ता है!
यानी तू अलकेमिस्ट का आदमी है!
बिल्कुल सही!

श्वेता, तू भाग!
म... मैं भागूं? पर कहां?
श्वेता ठीक कह रही है! इस वक्त उसको मुझसे अच्छी सिक्योरिटी नहीं मिल सकती!
इस वक्त मुझे चंडिका बनने के लिए भइया से दूर जाना होगा! पर दुश्मन खतरनाक है! मैं भइया को अकेला नहीं छोड़ सकती!
ठीक है, श्वेता! पर तू मेरे पीछे ही रहना!
मुझे इसकी पोशाक में छिपे उस सिस्टम को तोड़ना होगा, जो अम्लीय गैस के बुलबुलों को पैदा कर रहा है!
लेकिन-
ये बुलेटप्रूफ प्लास्टिक है! तेरे वारों से इसमें दरार तो क्या, डेंट तक नहीं पड़ेगा!
लेकिन मेरे वार से तू अपनी मोटरसाइकल की तरह हवा में घुल जाएगा!
ओह! अब ये ऐसे बुलबुले छोड़ रहा है, जो बम की तरह फट रहे हैं!

भइया, मैं कुछ मदद करूं?
हां, कर!
क्या करूं?
बस चुप रह!
न तू बचेगा ध्रुव, और न ही तेरी बहन!
क्योंकि अमला के पास 'एसिड गैस बमों' का कभी न खत्म होने वाला जखीरा मौजूद है!
मैं हवा में से ही ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, हाइड्रोजन, क्लोरीन और सल्फर जैसे तत्त्वों को खींच-कर और उनका संयोग करके एसिड गैस पैदा कर रहा हूं!
अमला तो इतने एसिड बम पैदा कर सकता है जो पूरे शहर को खत्म कर सके!
ओ गॉड! अब ये बमों की लड़ पैदा कर रहा है!
मैं एक दो बमों से तो बचने की सोच सकता हूं, पर इतने सारे बमों में से कोई न कोई तो मेरे पास फटकर ही रहेगा!
हवा में तेजी से तैरते, घातक एसिड गैसों से भरे बुलबुलों की कतार ध्रुव तक पहुंचते ही-
वापस पलट गई -
आऊ!
अरे! इन बुलबुलों को क्या हो गया? ये पलटकर मेरी तरफ क्यों आ रहे हैं?
ईSSSSS
एसिड गैस के बादलों ने अमला को घेर लिया-
और-
अरे, वाह! पर ये हुआ कैसे?

ऐसा करके तुमने हवा में कुछ और घातक तत्त्वों को मिला दिया है! अब मेरे एसिड गैस बम और शक्तिशाली हो जाएंगे!

लेकिन एसिड का असर इंसानी खालों पर होता है!

अब इस एसिड धुंध को हटाकर दिखा!

ओफ्! ये धुंध तो खतरनाक तरीके से फैल रही है! इसके संपर्क में आने वाली हर चीज गलती जा रही है!

अरे! इस पर तो एसिड बमों का कोई असर ही नहीं हुआ!

प्लास्टिक, अधिकतर एसिड प्रूफ ही होते हैं! प्लास्टिक पर एसिड का असर नहीं होता!

और अगर इसको तेज हवा से फैलाने की कोशिश की तो ये और ज्यादा फैलकर और ज्यादा तबाही मचाएगी!

अभी तो अपनी सोचो! क्योंकि ये धुंध हमारी तरफ ही आ रही है!

मेरे पीछे आओ श्वेता!
भागो, भागो! पर इस अम्ल धुंध से बचकर भाग पाना असंभव है!
अमला से मुझे ये उम्मीद नहीं थी! वह ध्रुव के सामने मेरी उम्मीद से ज्यादा टिक गया है!
और उससे भी बड़ी बात ये है कि ये ध्रुव पर भारी पड़ रहा है!
शायद मुझे खुद जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी!
तुम रुक क्यों गए भइया?
क्योंकि यहां पर एक ऐसा हथियार है जो हमें धुंध से बचा सकता है!
ये वॉटर-हाइड्रेंट!
पानी की फुहार धुंध को अपने अंदर समेटकर जमीन पर गिर जाएगी!
और धुंध खत्म हो जाएगी!
हमने अमला का एक वार और बेकार कर दिया!
हमने?
हां, हां! भाग तो मैं भी रही थी न!
मैंने कहा न कि तू जरा चुप रह!
चुप रहूं! पर चुप रहकर करूं क्या? तुम्हें मदद की जरूरत तो है नहीं!
तब तक क्या मैं अपनी नेल पालिश साफ कर लूं?

हां, हां! तू वही कर!
फायर हाइड्रेंट के पीछे आराम से बैठ जा, नेल पालिश रिमूवर निकाल और...
और?
और...
...मुझे दे दे!
भइया! तुम क्या करोगे नेल पालिश रिमूवर का?

आहा! लगता है कि तू मौत से लड़ते-लड़ते थक गया है! इसीलिए तू जल्दी मरने के लिए खुद ही चलकर मेरे पास आ रहा है!
आ जा! अगर मेरे पास तक आते-आते तेरे पैर गल जाएं तो!
एसिड गैस पहले मेरे ऊपर के कपड़ों को गलाएगी...
मेरे पास सिर्फ यही एक मौका है!

नेल पालिश रिमूवर!

जिसको रसायन शास्त्र की भाषा में एसीटोन कहते हैं।

और ये प्लास्टिक को ऐसे गला देती है जैसे मक्खन को आग! ये मुझे तब पता चला...

...जब मैंने एक बार इससे टेलीफोन के दाग मिटाने की कोशिश की थी।

तेरी पोशाक बुलेटप्रूफ और एसिडप्रूफ हो सकती है, लेकिन एसीटोन प्रूफ नहीं!

और न ही ध्रुव प्रूफ!

ओफ्! इसने तो आखिरी बॉल पर छक्का जड़ दिया!

अब मुझे ही कुछ करना पड़ेगा! और वह भी बहुत जल्दी!

जा, विरल रसायन और दिखा अपना कमाल!

यही तो कमाल है 'विरल-रसायन' का, ध्रुव ! ये जहां पर गिरता है, वहां की हवा को आसपास के वातावरण से पतला कर देता है, और पतले हो चुके वातावरण का गोला वैसे ही ऊपर उठने लगता है, जैसे पानी में ऊपर उठता बुलबुला !
लेकिन इसमें एक खतरा भी है! विरल रसायन का असर सिर्फ एक मिनट तक ही रहता है ! वह समय अब समाप्त होने वाला है! ...
"... और गोले के अंदर की वायु फिर से भारी हो रही है-"
श्वेता !
आऽऽऽऽऽह !
श्वेता, ये क्या हो गया, श्वेता !
श्वेता !
मैंने पापा से वादा किया था कि मैं तुमको कुछ नहीं होने दूंगा, पर मैं कुछ नहीं कर पाया! नहीं कर पाया!
होश में आओ ध्रुव! श्वेता को जल्दी अस्पताल पहुंचाना है!
एंबूलेंस आ चुकी है!
ह... हां जल्दी करो!

और फिर-

हां तो ध्रुव ? क्या फैसला किया तुमने ?
न... न न ! अभी किया नहीं, करूंगा !
अलकेमिस्ट ! तूने अपनी मौत के फरमान पर खुद ही दस्तखत कर दिया है !

लो ! यमराज के अगले शिकार से बात करो !
अगला शिकार ! कौन है, अगला शिकार ?

ध्रुव !
मम्मी !

सुन ली यमराज के अगले शिकार की आवाज ? अब तुम्हारा एक गलत कदम तुम्हारी मां के कदम को यमराज की तरफ बढ़वा देगा !
न... नहीं ! मम्मी को कुछ मत करना ! कुछ मत करना !

और अस्पताल में-

पापा!

पता नहीं आप मुझे सुन सकते हैं या नहीं! लेकिन फिर भी मैं यह कहे बगैर रह नहीं सकता!

मैं क्राइम फाइटिंग छोड़ रहा हूं!

राजनगर छोड़ रहा हूं!

आप सबको... किस्मत के भरोसे छोड़ रहा हूं!

और हां, करीम और पीटर को कुछ जरूरी बातें समझानी है! जैसे बैंक के काम, घर की रखवाली! खैर, मेरे साथ आओ!

रेणु, तुम यहीं रुको!

अलके मिस्र को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा-

हां! समझ गया! ध्रुव राजनगर से बीस किलोमीटर दूर एक रिसोर्ट में रुका हुआ है!

सुनो! उस पर चौबीसों घंटे नजर रखना! अगर वह लगातार दस मिनट तक भी नजर न आए तो मुझे तुरन्त खबर करना!

दोस्तों, वक्त आ गया है! अब हम... मानव इतिहास की सबसे बड़ी चोरी करेंगे!

और उसके बाद तुममे से किसी को या तुम्हारे किसी आदमी की कई पुश्तों को काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी!

शॉर्ट में बात किया करो!

ये चोरी हम करेंगे कहां पर?

यहां पर!
राजनगर स्थित इंटरनेशनल गोल्ड एक्सचेंज सेंटर में! तुम सचमुच पागल हो गए हो!
तुमने लगता है अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया है! तुमको शायद ये पता नहीं है कि उसकी सुरक्षा मिलिट्री करती है!
तुमने हमारा समय इस बात के लिए खराब किया? एक ऐसे काम के लिए जो एकदम असंभव है!
जिनके पास शूट एट साइट के आर्डर हैं! और अगर उनकी नजर बचाकर किस्मत से कोई अंदर घुस भी गया तो अंदर कम से कम पचास तरीके के घातक इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, अलार्म, लेजर रे और न जाने क्या-क्या लगे हुए हैं!
जब हम पचास हजार करोड़ का वह सोना उठाएंगे तो वे वहां पर नहीं होंगे! न ही सैनिक और न ही इलेक्ट्रॉनिक यंत्र!
आगे बोलो।
चलो, अगर तुम्हारी तसल्ली पर भरोसा कर भी लें तो उतना भारी टनों-टन सोना उठाकर ले जाने के लिए हमको कम से कम पांच घंटे और पांच सौ ट्रक चाहिए!
तब तक क्या सुरक्षा एजेंसियां हाथ पर हाथ धरकर बैठी रहेंगी?
मैं ये सब जानता हूं दोस्तों! इसी काम के लिए तो मुझे तुमसे कम से कम सौ भरोसेमंद आदमी चाहिए!
पर मैं एक बात और जानता हूं जो शायद तुम नहीं जानते!
ये गोल्ड-एक्सचेंज राजनगर के जिस इलाके में स्थित है, वह राजनगर के सबसे निचले इलाकों में से एक है!
समुद्र सतह से भी नीचे!
पर इससे चोरी का क्या संबंध है?

अलकेमिस्ट अपना प्लान सुनाता चला गया-

और माफिया डॉन्स के चेहरों पर आश्चर्य की कई पर्तें चढ़ती चली गई-

कमाल है! बस, कमाल है तेरा प्लान अलकेमिस्ट!

मैं जानता हूं! सिल्वर आयोडाइड के क्रिस्टल वाले आ गए हैं, या नहीं?

आ गए हैं! और साथ में कार्गो प्लेन का इंतजाम भी हो गया है!

अगली सुबह, राजनगर में सूरज नहीं उगा-

फिर लेट हो गया यार! बादलों की वजह से सही टाइम का अंदाजा लगाना ही मुश्किल है!

मानसून के सीजन में तो ये होता ही रहेगा, बेटे!

एक अलार्म घड़ी खरीद ले!

ये घनघोर बादल, उस खतरे पर पर्दा डाले हुए थे-
जो इस वक्त बादलों के ऊपर तैर रहा था-
सिल्वर आयोडाइड के क्रिस्टलों को बादलों पर बिखेर दो!
बिखेर रहा हूं!
पर इससे होगा क्या?
सिल्वर आयोडाइड पानी के कणों को आपस में जोड़ता है! इससे बूंदें बड़ी जल्दी बड़ी और भारी हो जाती हैं!
अब राजनगर पर फैले इस विशाल बादल की बूंदें एकाएक बड़ी और भारी हो जाएंगी!
"...राजनगर में बादल फट गया-"
मम्मी! इस बार तो बड़ी मोटी बूंदें गिर रही हैं!
यहां हमेशा ऐसी ही बारिश होती है बेटा! थोड़ी देर के लिए हम इस शेड में खड़े हो जाते हैं!
जल्दी ही बारिश थम जाएगी फिर हम घर चलेंगे!
और ये पूरा बादल हवा में उड़ते-उड़ते धीरे-धीरे एक बड़े इलाके में बरसने के बजाय, एक साथ राजनगर पर बरस पड़ेगा!
और वह भी चंद घंटों में!
कल अगर पेपर छपे तो उनकी हेडलाइन होगी कि...
लेकिन ये जल्दी थमने वाली बारिश नहीं थी-
कमाल है यार! चार घंटे हो गए पर बारिश तो थमने के बजाय और तेज हो गई है!
अब तो लगता है जैसे पानी की बूंदें नहीं, धारें गिर रही हों!

न्यूज चैनल वालों को एकाएक 'ब्रेकिंग न्यूज' मिल गई थी-

मौसम विभाग के अनुसार ये बादल फटने यानी 'फ्लैश-फ्लड की घटना है! राजनगर के कई इलाकों में पन्द्रह से बीस फुट तक पानी भरने की खबर है!

प्रभावित इलाकों में खासतौर से कांचवाड़ी, प्रेमनगर और हल्दी घाट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं!

इन सभी इलाकों में से सभी निवासियों को हटा लिया गया है! किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है!

'इंटरनेशनल गोल्ड एक्सचेंज' फ्लैश फ्लड से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके प्रेमनगर में ही स्थित था-

अब हम क्या करें, सर?

तैरते रहो! पर ये इलाका हमको नहीं छोड़ना है!

ड्यूटी इज ड्यूटी!

पानी के नीचे हलचल एकाएक बढ़ गई थी-

मैंने कहा था न कि तुम्हारा प्लान कमाल का है, अलकेमिस्ट! इस इलाके में पानी भरने से सारे इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा यंत्र भी बेकार हो गए और मिलिट्री वालों को भी ये इलाका छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा!

अब ज्यादा बात मत करो! सिक्योरिटी वाले हमारी बातचीत को 'इंटरसेप्ट' करके सतर्क हो सकते हैं!

फटाफट काम करो!

एक अदृश्य फौज 'गोल्ड एक्सचेंज' में मौजूद पन्द्रह हजार करोड़ के सोने को लूटने के इरादे से आगे बढ़ रही थी-

मेन वॉल्ट का स्टील डोर बंद है! क्या करें बॉस ?

हम जिलेटिन छड़ें लेकर आए हैं! उड़ा दो इस अवरोध को!

नहीं! धमाके से मिलिट्री वाले सतर्क हो जाएंगे! वे अभी भी इस एरिया में बने हुए हैं!

वैसे भी इस स्टील डोर पर जिलेटिन कोई खास असर नहीं डाल पाएगा!

ये काम अल-केमिस्ट को करने दो! मेरे पास स्टील को गलाने वाले खास रसायन हैं!

जो पानी में भी काम करते हैं!

स्टील डोर की दो फुट मोटी दीवार तेजी से गलने लगी-

और कुछ ही मिनटों के बाद चमचमाते सोने की छड़ें सामने थीं-

माई गॉड!

हम स्वर्ग में हैं क्या ?

बकवास में समय खराब मत करो! अपनी-अपनी रबर ट्यूब्स को निकालो और उसके अंदर वो गोली भी डालो जो मैंने तुमको दी है!

जल्दी ही सोने की छड़ें अपने स्टैण्ड्स से निकलकर पानी में तैर रही थीं-

शाबाश! अब बिल्डिंग से बाहर निकलो!

और उसी 'स्टॉर्म-ड्रेन' में घुसकर उसके रास्ते समुद्र तक पहुंच जाओ, जिसका रास्ता मैं तुम्हें दिखा चुका हूं!

सोने की खेप 'स्टॉर्म-ड्रेन' के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय सागर में खड़े अलकेमिस्ट के जहाज तक पहुंचने के लिए चल चुकी थी-
मानव इतिहास की सबसे बड़ी चोरी की शुरुआत हो चुकी थी-

और इसको रोक सकने वाला एकमात्र शख्स राजनगर से दूर, आंसू बहाते आकाश को देख रहा था-
और उसको कोई और देख रहा था-
ध्रुव ने अभी तक राजनगर वापस जाने की कोई कोशिश नहीं की है!

पर राजनगर अभी तक अनाथ नहीं हुआ था-
स्टॉर्म ड्रेन के अंदर-
हैंड...

गड़ब !

अरे! शम्सी कहां गया?
मुझे पता नहीं था कि वह इतना तेज तैरता है!

ओ! तो तुम यहां छुपे थे शम्सी! हमें डराने के लिए!
पर हम डरते नहीं...

ईSSSSS

कोई था-

या ऐसे एक नहीं, कई मददगार थे-

क्योंकि स्टॉर्म ड्रेन के रास्ते से समुद्र तक पहुंचने वाला कोई भी गोता-खोर स्टॉर्म ड्रेन को पार नहीं कर पाया-

सबकी यात्रा एक चीख के साथ ही समाप्त हो रही थी-

अलकेमिस्ट! अब यहां पर सोने का एक टुकड़ा भी नहीं बचा है!

हमने पूरे स्ट्रांग रूम में झाड़ू मार दी है!

वह भी एकदम सही समय पर!

क्योंकि पानी का स्तर भी कम हो रहा लगता है! इन लोगों ने पानी निकालने वाले पंप चालू कर दिए हैं!

अब यहां से फटाफट निकल लो!

आऊsss
संभल के अलकेमिस्ट! तुमको चोट तो नहीं लगी?
चोट तो अब तुम सबको लगने वाली है! क्योंकि मैं ये सोना तुम लोगों के साथ बांटने वाला नहीं हूं!
तुम सबकी मौत! ये व्हेल के शरीर की एक जीवित कोशिका से बना हुआ है, इसको मैंने कैंसर पैदा करने वाले रसायन में रखा हुआ था!
ओ माई गॉड! ये... ये क्या है अलकेमिस्ट?
व्हेल की कोशिका में वैसे भी तेजी से बदने वाले गुण होते हैं, और अगर इनमें कैंसर पैदा कर दिया जाए तो ऑक्सीजन मिलते ही इनके बदने की गति और तेज एवं अनियंत्रित हो जाती है!
अब जीवित रहने के लिए ये अजीबोगरीब प्राणी अपना भोजन ढूंढेगा! और इसका भोजन है जीवित कोशिकाएं!
मेरा शरीर तो सोने से ढका हुआ है इसीलिए ये मुझ पर हमला नहीं करेगा! पर तुम सब इतने खुशनसीब साबित नहीं होगे!
धोखेबाज!
कमीने!
ये कैंसर-व्हेल हम सबको मार डालेगा!
अब हम क्या करें?

आऽऽऽऽह!
सभी माफिया डॉनों के पास बहुत कम वक्त बचा था-
कैंसर व्हेल के तंतु उनके शरीर से तेजी से ऊर्जा खींचने लगे थे-
पर शायद शार्की के होशो हवास अभी भी ठिकाने पर थे-
अब बस मुझे अपने ऑक्सीजन सिलेंडर का वॉल्व खोलना है!
ये क्या कर रहा है, शार्की 'मूर्ख'! इससे तो तू और जल्दी मरेगा! याद नहीं मैंने कहा था न कि ये कोशिकाएं ऑक्सीजन पाकर और तेजी से बढ़ती हैं!
अब मौत तुम सबके पास और तेजी से आएगी!
मौत हमारी नहीं...
...इसकी आएगी!
लोहे से लोहा टकराते ही चिंगारियां चमक उठीं-
और ऑक्सीजन आग पाते ही भड़क उठी-
कमाल है! जो रसायन इसकी शक्ति था, तुमने उसी से इसके चिथड़े उड़ा दिए!
ये आइडिया तेरे जैसे मूर्ख को कैसे आया, शार्की?
अब तू हमसे बचने का आइडिया सोच, गद्दार!

लो! कर लो बात!
अरे 'कैंसर व्हेल' के चिथड़े उड़े हैं! ये खत्म कहां हुआ है! अब तो ये और खतरनाक हो गया है!
हर टुकड़ा अब एक नई कैंसर व्हेल के रूप में जन्म ले लेगा!
इसको मारने के लिए तो हज़ारों सिलेंडर चाहिए होंगे! वो कहां से लाओगे?
देखो! ये टुकड़ा सबसे तेजी से ग्रो हो रहा है! अब ये ही तुम्हारी मौत...
अरे! कहां गया?
वो टुकड़ा भी गायब हो गया?
और वो भी!
ये क्या हो रहा है?
पानी के नीचे ध्यान से देखो, अलकेमिस्ट! ये टुकड़े और कुछ नहीं, मांस के लोथड़े हैं!
और मछलियां मांस के टुकड़ों को बड़े प्रेम से खाती हैं!
तू डर नहीं रहा था! तू ये पहले से जानता था! पर इतनी अक्ल तुझमें पहले तो नहीं थी, शार्की! तुझको तो मैंने बड़ी आसानी से मूर्ख बनाकर तेरे आदमी...
शार्की मूर्ख होगा!
पर मुझमें थोड़ी अक्ल है!
ध्रुव! तू यहां! तू... तू तो राजनगर से बाहर एक रिसोर्ट में था!

वह पीटर है! मेरे रूप में! मुझे पता है कि तुम्हारे आदमी उस पर नजर रखे हुए हैं! पर वे उसको दूर से देख रहे हैं! और हल्के से मेकअप के बाद पीटर बिल्कुल मेरे जैसा दिखता है!
दरअसल जब मैं पीटर और करीम को अस्पताल में कुछ समझाने के बहाने कमरे में ले गया था तो पीटर के रूप में मैं बाहर आया था! और मेरे रूप में पीटर!
अब तुम्हारे आदमी पीटर का पीछा कर रहे थे और मैं उनका! समस्या थी तुम्हारा अड्डा जानने की!
पर तुम्हारे आदमी तुमसे सिर्फ ट्रांसमीटर द्वारा संपर्क बनाए हुए थे!
तब करीम ने तुम्हारे ट्रांसमिशन को इंटरसेप्ट करके तुम्हारे ट्रांसमीटर की स्थिति का पता लगाया!
और मैं यहां आ पहुंचा! अब समस्या तुम्हारा प्लान जानने की थी! और इसके लिए मैंने उसी ताकत का सहारा लिया जो तुमने मुझसे बचने के लिए आजमाई थी!
गुप्त रूप का!
तुम्हारे ही अड्डे के एक बाथरूम में मैंने शार्की पर कब्जा करके उसका रूप ले लिया! मैं चाहता तो उसी वक्त पुलिस तुम्हारे अड्डे पर धावा बोल देती!
पर इससे मम्मी की जान खतरे में पड़ सकती थी!
जब तक मैं मम्मी का पता लगाता और उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाता तब तक तुम्हारा प्लान शुरू हो चुका था!
अब मेरे पास पुलिस को बुलाने का वक्त नहीं बचा था! इसीलिए मैंने खुद ही तुम्हारे प्लान पर पानी फेरने की ठान ली! अपनी दोस्त डॉल्फिनों की मदद से!
तुम्हारे आदमी सोना लेकर आते गए और ये उनको पकड़ती गईं!
कमाल है! मैंने तो सोचा था कि तू डर जाएगा!
अपनों की जान पर खतरा मंडराता देखकर राजनगर छोड़ देगा! पर तूने तो...
मैं डर गया था! राजनगर छोड़ने भी वाला था!
अर्जुन जैसी स्थिति हो गई थी, मेरी!

" लेकिन तब पापा ने मुझसे एक बात कही-"
क्राइम फाइटिंग छोड़ दोगे? राजनगर छोड़ दोगे? पर क्यों? ऐसा क्या हो गया है!
आपकी और अब श्वेता की ये हालत मेरे ही कारण है, पापा! मेरा कोई गुप्त रूप न होने के कारण मेरे दुश्मन मेरे सगे-संबंधियों को पहचानते हैं! और ये हमले मुझसे बदला लेने के लिए आप लोगों पर किए गए हैं!
गुप्त रूप? अगर गुप्त रूप न होने के कारण तुम्हारे जैसे क्राइम फाइटर क्राइम फाइटिंग छोड़ देंगे तो दूसरे क्राइम फाइटर इससे क्या सबक लेंगे? सीमा पर तैनात हर सैनिक मास्क पहनकर लड़ेगा! शहर में पुलिस नकाब पहनकर घूमेगी! प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जैसे लोग कोई और रूप धरकर जनता के सामने आएंगे!
छुपकर काम नहीं किया जा सकता ध्रुव! गुप्त रूप के फायदे जरूर हैं, लेकिन गुप्त रूप ही सब कुछ नहीं है!
तुम आज तक बिना किसी गुप्त रूप के अपराधियों को मात देते आए हो! और मुझे पूरा भरोसा है कि तुम आगे भी ऐसा ही करोगे! इस लड़ाई में हम तुम्हारे साथ हैं!
पापा ने मेरी आंखें खोल दीं और फिर मैंने तुम्हारा वार तुम पर ही आजमाने का प्लान बना लिया।
तो फिर अब तेरी आंखें बंद होने का वक्त आ गया है!
मेरा ये खास रसायन यहां की सारी ऑक्सीजन को नष्ट कर देगा, और तू तड़प-तड़पकर मरेगा!
मेरा इतनी जल्दी मरने का इरादा...
...नहीं है अलकेमिस्ट!
ये... ये सोने की सिल्लियां! ये यहां पर कैसे हैं?
मैंने बताया था न! मेरी दोस्त डॉल्फिनों ने इनको राजनगर की सीमा से बाहर नहीं जाने दिया!

सिर्फ यही नहीं तुम्हारे सारे आदमी भी यहीं पर हैं। और तुम्हारी समुद्र में खड़ी बोट गार्ड्स के कब्जे में है!

समाप्त.